संसद सदस्यों ने श्री राजीव गाँधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए

नई दिल्ली, 20 अगस्त, 2020 : लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष, श्री गुलाम नबी आजाद और अध्यक्ष, लोक लेखा समिति श्री अधीर रंजन चौधरी ने आज पूर्व प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

श्री राजीव गांधी को पुष्पांजलि अर्पित करने वाले विशिष्टजनों में अनेक संसद सदस्य और पूर्व संसद सदस्य शामिल थे। लोक सभा की महासचिव श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव और राज्य सभा के महासचिव श्री देश दीपक वर्मा ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने 20 अगस्त, 1993 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में श्री राजीव गाँधी के चित्र का अनावरण किया था।